स्पीड न्यूज

## जल यात्रा में शामिल हुए एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित दीवान बिगहा गांव में ग्राम देवी मंदिर का निर्माण किया गया है। ग्राम देवी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो हुसैनाबाद बाजार, जेपी चौक होते देवरी सोन नदी से जल उठाया। कलश यात्रा में एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विमलेश सिंह,मिथिलेश कुमार सिंह, संजय सिंह,विनय पासवान,बलराम मेहता, पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष टूटू कुमार सिंह, मुखिया संतोष सिंह, हैदरनगर जिला परिषद संगीता देवी,शामिल हुए। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने ग्राम देवी मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण के साथ साथ मन की भी शुद्धि होती है।

## युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमण्डल के मोहम्मदगंज - हैदरनगर मुख्य पथ पर पटखौलिया गांव के समीप शनिवार रात्रि में मंदिर के पास एक 32 वर्षीय दलित युवक का शव लावारिश हालत में पाया गया है। इसकी सूचना रविवार को क्षेत्र फैलते ही देखने वालों की भीड़ जुट गयी। प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की पहचान हैदरनगर थाना के चेचरिया गांव निवासी अवधेश मुसहर के 32 वर्षीय पुत्र राजकुमार मुसहर के रुप में हुई हैं । घटना के सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## ग्रामीणों को अंधेरे से दिलायी मुक्ति : अजित सिंह



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी कला अंतर्गत ग्राम कुशवा में वर्षो नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पूरा हो गया। पंचायत समिति सदस्य अजित सिंह के प्रयास से बिजली विभाग ने शनिवार को ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं । इस सबन्ध में अजित ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर बरसों से लगकर तैयार था लेकिन विभागीय उदासीनता के चालू नही किया जा रहा था जिसके बाद मैं विभाग को लिखित शिकायत कर ट्रांसफार्मर को चालू करवाया ताकि मेरे गाँव के लोगो को निर्वाध बिजली आपूर्ति हो सके । उन्होंने आगे कहा कि देवरी में ग्रिड होने के बाद भी मेरे ही पंचायत के जनता को अंधेरे में रहना पड़ता था। वही बिजली नही रहने के कारण कृषि कार्यो में कठिनाई होती थी । इस मामले को गंभीरता से लेकर इस कार्य किया। उन्होंने आगे कहा जनहित कार्य निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीणों ने विधिवत पूजा कर नया ट्रांसफार्मर को चालू करवाया। मौके पर मिस्त्री संतोष कुमार ,अमन कुमार ,सोनू कुमार, राजा कुमार ,गुलशन कुमार, मिथिलेश कुमार, पंकज सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग एवं शराब एजेंसी की लापरवाही के कारण आये दिन होती है घटनाएं

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में 79 देशी विदेशी शराब दुकान संचालित किए जाते हैं। इसमें नगर निगम क्षेत्र में 12 शराब दुकान संचालित किया जा रहा है। इन सभी दुकानों पर शराब की बोतल पर प्रिंट मूल्य से अधिक विक्रेता ग्राहकों से पैसा जबरन वसुलने का काम करते हैं। इस पर उत्पाद विभाग चुप्पी साधे हुए है। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के ब्रांड वाले शराब में अलग-अलग दर से पैसा शराब विक्रेता लेते हैं। सबसे कम दर के शराब पर दस रुपये एवं इससे उच्च क्वालिटी के शराब पर प्रति ब्रांड कि दर से पैसे की वसूली 50 रुपये से लेकर 100 रुपये से अधिक पैसे की उगाही शराब क्रेताओं से की जाती है। इसे लेकर शराब विक्रेता एवं क्रेता के बीच आए दिन बराबर ही तू तू मैं मैं होता ही रहता है। अधिक दर पर पैसा लेने का विरोध जब शराब क्रेताओं द्वारा किया जाता है तो शराब विक्रेता इतने अखड़ हैं कि वे यहां तक धमकी दे डालते हैं कि जहां जाना है जाइए हम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हम लोग क्या करेंगे हम लोगों को वेतन नहीं मिलता है। ऊपर से विभाग द्वारा दो परसेंट एवं एजेंसी के द्वारा दो परसेंट पैसा मांगा जाता है तो हम लोग कहां से देंगे।

## शिक्षा से दूर होगा रविदास समाज का पिछड़ापन : गोविंद



**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड मे रविदास विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक सरईडीह पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फटिया के प्रांगण में रामजी राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक की अध्यक्षता जनेश्वर राम शिक्षक ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप समिति के अध्यक्ष राम गोविन्द राम शिक्षक ,भिखारी राम,जगदीप कुमार राम शिक्षक भी मौजूद थे। वहीं पर मुख्य अतिथि के रूप मे समिति के अध्यक्ष ने कहा कि रविदास समाज आज भी पिछडा हुआ है । शिक्षा और आर्थिक रूप से कमजोर है,आज हमारे समाज में अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते है। कहा कि शिक्षा से ही रविदास समाज का पिछड़ेपन दूर होगा। इसके लिए सहयोग व जागरूक करने की जरूरत है। समिति में मुख्य संरक्षक जुदागीर राम ,समिति के ऑडिटर के रूप मे राम प्रवेश राम को बनाया गया। बैठक में शिक्षक लल्लू राम, सूर्यबली राम शिक्षक,बिनोद राम,बासुदेव राम शिक्षक ,उपेंद्र कुमार समाज सेवी, रामलाल राम शिक्षक सहित अन्य सदस्य और जन प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम आज

**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया का मलय डैम स्थित मुरमा खेल मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम सोमवार को होगा। इस संबंध विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यकर्ता सम्मेलन समेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश तथा जिला के भाजपा नेता व विधायक शामिल होंगे। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता व अन्य शामील थे।

# यहां मन का मिलन होता है : केएन त्रिपाठी

## धर्मविलीन स्वामी सुखदेवाचार्य जी की 23वीं पुण्यतिथि पर मेला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्वडीहा में मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते त्रिपाठी व अन्य।

**चैनपुर।** धर्मविलीन स्वामी सुखदेवाचार्य जी की 23 वीं पुण्यतिथि पर कोयल नदी तट पर आयोजित मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गीत संगीत की प्रस्तुति की गई। ख्याति प्राप्त भोजपुरी सम्राट बिहार के प्रभुनाथ तिवारी व यूपी की गायिका निर्मला यादव ने शानदार भोजपुरी गीत संगीत का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं भाजपा नेता मनोज सिंह सहित अन्य लोगों ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि सनातन काल गणना के अनुसार मकर संक्रांति के साथ ही शुभ दिन, शुभ काल व शुभ मुहूर्त शुरू हो जाते हैं। इस अवसर पर लगने वाले मेले हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यहां मन का मिलन होता है। साथ ही सामाजिक समरसता विकसित होती है। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्वडीहा मेला को सरकारी मेला व पर्यटके स्थल का स्वरूप दिलाने के क्षेत्र में सार्थक कदम उठाए गए हैं। इसमें सब की सहभागिता जरूरी है।

भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि मेला के माध्यम से लोग आपस में मिलते जुलते हैं। भाजपा नेता किशोर पांडेय ने कहा कि मेला में सनातन परंपरा की झलक देखने को मिलती है। रूद्र शुक्ला ने मेला को सांस्कृतिक पहचान होने की बात कही। मौके पर आयोजन कमेटी की ओर से अंग वस्त्र देकर सबों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया अरुण दुबे व संचालन ओम प्रकाश दुबे ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया पपलू दुबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे,भाजपा नेता जय दुबे, आनंद सिंह जगन्नाथ प्रसाद, रामनाथ दुबे दिनेश दुबे, दिलीप पासवान, प्रदीप दुबे, कृष्णमणि दुबे, प्रदीप दुबे, नवनीत दुबे, अगस्त दुबे शिशिर शुक्ला, व्यास शिव चौधरी आदि उपस्थित थे।

# सांसद ने सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया के ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

## थर्ड रेलवे लाइन को लेकर 292 पुल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद बिष्णुदयाल राम ने सदर प्रखंड के सुआ, कौड़िया सहित कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर सांसद ने ग्रामीणों को समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने सांसद को माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने थर्ड रेलवे लाइन को लेकर रविवार को 292 पुल का निरीक्षण किया। साथ ही डीआरएम को अनुशंसा करा कर तेलिया बांध व बखारी के ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। सांसद ने कहा कि ग्रामीणों ने पूर्व में शिकायत किया था कि बरसात में पानी जमा हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। उन्होंने सुआ बुढ़वा पिपर और बखारी में अंडरपास बनाने की मांग की। कहा कि सुआ बुढ़वा में भी अंडर ग्राउंड क्रॉसिंग निर्माण की मांग काफी पुरानी है। इसे देखते हुए सांसद ने रेलवे अधिकारी को बुलाकर तत्काल काम चालू कराने का निर्देश दिया । मौके पर जिला परिषद बासु देवी, भाजपा नेता सुशील सिंह, कौड़िया मुखिया अंजना कुमारी सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह , बीस सूत्री सदस्य अब्दुल हसन, आनंद सिंह, मुखिया पति कौड़िया रविंद्र सिंह, सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद साव, अनिल कुमार मेहता, कलाम अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य बादल राम, सरस्वती देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक , शिक्षक भरदुल सिंह, संतोष प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# साला के सहयोग से पिता की गला दबाकर हत्या की, शव को जलाया, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता करते पुलिस अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने 12 जनवरी को थाना क्षेत्र के मटपुरही दांगी टोला के पास से एक अज्ञात मानव कंकाल को बरामद की थी। इस कंकाल की सत्यता की जाँच में जाने के लिए पुलिस जांच प्रारंभ किया तो पुलिस ने इस मानव कंकाल पर से पर्दाफाश करते हुए दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 12 जनवरी को मानव कंकाल बरामद किया गया था। उसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई थी। इसी बीच 14 जनवरी को राकेश कुमार ग्राम परसोडीह थाना केतार जिला गढ़वा के निवासी ने अपने पिता की गुमशुदगी का आवेदन देने थाना पहुंचा था। जब पुलिस उससे पूछताछ करने लगी तो पुलिस को कुछ संदेह होने लगा। इसके बाद राकेश कुमार से जब पुलिस सख्ती से पेश आई तो उसने सारी बात को कबूल दिया। उन्होंने बताया कि राकेश कुमार अपने साला पंकज कुमार मिश्रा के साथ मिलकर10 जनवरी को पिता उदय कुमार वैद्य को मटपुरही टोला के पास सुनसान जगह पर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दिया। इसके बाद शव को जला दिया। ताकि इसकी पहचान नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि इस मामले में जीजा साला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इन लोगों के निशानदेही पर मृतक व्यक्ति का आंशिक रूप से जला हुआ जूता, मौजा,सोनाटा कंपनी का घड़ी, बेल्ट ,चुनौटी, कपड़ा, तीन प्लास्टिक का बोतल, टूटी हुई मोबाइल, टोपी, चश्मा आदि सामान बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि वह पैतृक गांव का संपत्ति बेचना चाहता था। जिसे पुत्र राकेश विरोध करता था। इसी मामले को लेकर पिता पुत्र के बीच में विवाद चल रहा था। इसी बीच 10 जनवरी को पुत्र ने अपने साला के सहयोग से उसे गला दबाकर हत्या कर दिया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दिया गया। की एक मानव कंकाल ओरिएंट स्कूल के आगे पड़ा हुआ है। प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी गौतम कुमार, पुलिस निरीक्षक राजबल्लभ पासवान, पुअनी रामतबकया कुमार, धीरेंद्र सिंह, सुबोध कुमार, राकेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, सुरेश बोदरा, आरक्षी मुन्ना कुमार, रामप्रवेश पासवान, पंकज सिंह नित्यानंद मौजूद थे।

एक नजर में

## सतबरवा में भाजपा प्रदेश महामंत्री, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक का स्वागत



**सतबरवा।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ,प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र सिंह तथा मनिका के पूर्व विधायक सह लातेहार जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह का स्वागत रविवार को टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, आशीष सिन्हा,चंचल कुमार ,ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह तथा प्रमुख पति युगल राम ने अंग वस्त्र देकर संयुक्त रूप से किया। इस दौरान श्री सहाय ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र में भाजपा का पुनः लहराएगा। मोदी जी में भारतवासियों का विकास के लिए आस्था है। वहीं योगेन्द्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में विफल साबित हो रही है। वर्तमान सरकार के प्रति लोगों में आक्रोश है। वहीं हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झूठे वादे कर सता में आई है।

## कांग्रेस ने किया यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



**मनातू/ तरहसी।** तरहसी प्रखंड के उदयपुरा पंचायत में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना खान, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत पासवान शामिल थे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से युवा कांग्रेस विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर पांच यूथ खड़ा करेगी। प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत पासवान ने कहा कि जिस प्रकार भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी जी पूरे देश में एक पार्टी में नई ऊर्जा का संचालन किए हैं उससे 2024 में हमारी पार्टी अधिक से अधिक संख्या में लोकसभा में आएगी। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर जिला उपाध्यक्ष सुमित दुबे, छतरपुर विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पासवान, जिला महासचिव शिवम पासवान,सहित मुकेश कुमार, अमिन अंसारी सहित दर्जनों यूवा कांग्रेसी मौजूद थे।

## एनएच 75 फोर लेन निर्माण के खिलाफ गोलबंद हुए चियांकी के ग्रामीण



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी के ग्रामीण एनएच 75 फोर लेन पथ निर्माण के खिलाफ गोलबंद हो गये। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी स्थल पर पहुंचे । पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनकर निदान करने पर चर्चा की। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी को बताया कि फोर लाइन में जो रोड लिया गया है वह एग्रीकल्चर और कोमर्शियल दोनों है। लेकिन विभाग द्वारा व्यवसायिक भूमि को एग्रीकल्चर बताकर सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि उचित मुआवजा नहीं मिलने के कारण चियांकी के ग्रामीण गोलबंद हुए हैं और काफी नाराजगी देखा जा रहा है । श्री त्रिपाठी ने कहा कि अगर ग्रामीणों के जमीन का उचित मुआवजा व हक नहीं मिला तो आंदोलन किया जायेगा। बैठक में कहा गया कि सरकारी अमीन द्वारा गलत करने कारण जमीन का सही मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे अगर सही मुआवजा नहीं मिला तो प्रदर्शन करेंगे। इस पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि हम आप लोग के साथ हैं। सही मुआवजा दिलाने में कदम से कदम मिलाकर साथ चलेंगे और आप लोग का हक और अधिकार दिला कर ही रहेंगे। मौके पर अनिल कुमार गुप्ता, मुकेश पांडे ,सोनू गुप्ता, निशिकांत उरांव समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## मकर संक्रांति पर मेला का आयोजन



**पांडू।** पांडू प्रतिनिधि पांडु प्रखंड के ग्रामपंचायत डाला कलां के ग्राम बृद्धखैर में स्थित श्री बेनुगोपाल मंदिर सह मठ परिसर में हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी मकरशंक्रान्ति के सुभ अवसर पर पाच दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्कस जादूगर मिना बाजार मौत का कुवा एवम अन्य प्रकार के आयोजन किया गया। श्री बेनुगोपाल मंदिर के महंत श्री बिष्णुचित स्वामी जी का कहना है कि पिछले 14 जनवरी 1956 से मकर शक्रन्ति मेला का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत श्री विष्णु चित स्वामी जी ने बताया कि इस मंदिर में साल में चार बार उत्सव का आयोजन किया जाता हैं।

# मारुती महयज्ञ के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



श्रद्धालु महिला व पुरुष ।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में हो रहे मारुती महयज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा में परिक्रमा का दूसरा दिन भारी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा करने यज्ञ मंडप में पहुंचे। जहां समाजसेवी रामदास साहू अपने धर्मपत्नी के साथ यज्ञ शाला में परिक्रमा कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए राम भक्त हनुमान से प्रार्थना किया है। यज्ञ में पूरे प्रखंड क्षेत्र के अलावा, दूसरे प्रखंड से भी श्रद्धालु, परिक्रमा करने यज्ञ मंडप पहुंच रहें हैं। यज्ञ को लेकर लेस्लीगंज का माहौल भक्तिमय हो चुका है। नवनिर्मित महावीर मंदिर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मौके पर उन्होंने यज्ञ कमेटी के द्वारा आयोजित भंडारे में शामिल होकर काफी समय तक लोगों को भंडारा प्रसाद वितरण किया साथ ही खुद भी भंडारा ग्रहण किया। मौके पर कमेश यादव, राजेंद्र दुबे, मुखिया बालकेश पासवान, उमा शंकर पांडु, राजेंद्र प्रसाद, संजय सोनी, राम सोनी, राकेश सोनी, आनंद कुमार समेत बड़ी संख्या में शालू महिला पुरुष उपस्थित थे।

# शिक्षक प्रथम सीमित परीक्षा उत्तीर्ण कर बने डिप्टी कलेक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा बाजार के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय राम ने जेपीएससी प्रथम सीमित डिप्टी कलेक्टर परीक्षा में सफलता अर्जित कर शिक्षकों का मान बढ़ाया है। उन्हें प्रथम जेपीएससी सीमित डिप्टी कलेक्टर प्रतियोगिता परीक्षा में राज्य में 43 वा स्थान प्राप्त हुआ है। इस परीक्षा का विज्ञापन 2005 में प्रकाशित हुआ था। वहीं इसकी परीक्षा 2020 में हुई थी। उन्होंने अपने सहयोगियों तथा छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई भी शार्टकट रास्ता नहीं है। बल्कि इसके लिए साकारात्मक सोच के साथ कठिन परिश्रम तथा सच्ची लगन की आवश्यकता है। बधाई देने वालों में बीपीओ कृष्ण कांत द्विवेदी, अजप्टा के प्रखंड सचिव संतोष राय, पुषेन कुमार, अभिलाषा कुमारी, शिवनारायण उरांव, किरण कुमारी, ओम प्रकाश कुमार, अजय कुमार, विपिन पाठक, रविंद्र कुमार, श्यामदेव चौधरी सहित दर्जनों शिक्षक शामिल हैं।

# जमीन अधिग्रहण किये जाने के खिलाफ ग्रामीण उग्र



**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा बाईपास रोड का निर्माण पड़वा मोड़ से संखा गांव होते हुए गढ़वा जिला तक करना है। इसमें एनएच 39 में पढ़ने वाले पड़वा मोड़ से शंखा गांव तक के जमीन मालिक मनमाने तरीके से अतिक्रमण किए जाने एवं मापी किए जाने के खिलाफ गोलबंद हो चुके हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जमीन एवं मकान की मापी जमीन मालिक के सामने कराया जाए और उचित मुआवजा अविलंब भुगतान कराया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण में लगे कंपनी अपने मनमानी रवैया का अपनाते हुए रैयतों के साथ मनमानी कर रही है जो नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में सुनील पांडे, अरविंद पांडे, मंगल राम, लाल मोहन पासवान, श्यामलाल विश्वकर्मा,अरुण कुमार पांडेय समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण





**मेदिनीनगर।** चैलेंजर परिवार टीम ने सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग ले रही है। इसी क्रम में चैलेंजर परिवार टीम ने दर्जनों युवाओं के साथ ठंड में ठिठुर रहे सैकड़ों गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल वितरण रेड़मा चौक, सरकारी बस डिपो, छः-मुहान, लाल कोठा, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, ऑर्थो वार्ड, बोर्न वार्ड सहित अन्य वार्डो एवं सादिक चौक, स्टेंशन आदि जगहों पर वितरण किया। मौके पर चैलेंजर परिवार के अमित तिवारी,कौटिल्य द्विवेदी,पवन गंगा,अनुराग तिवारी,रविरंजन त्रिपाठी,जयशंकर कुमार,धीरज मिश्रा, नितेश तिवारी,आंनद उपाध्याय,संतोष कुमार,राजीव तिवारी, प्रियांशु सिंह,चंदन पांडेय,सूरज सिंह,जितेंद्र चंद्रवंशी, लोहा सिंह, उपेंद्र कुमार, आर्यन कुमार, विवेक कुमार, राजा ठाकुर, राजन कुमार, बबलू मिश्रा, राधेश्याम व अन्य साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। टीम के सदस्यों ने कहा कि टीम द्वारा सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक करना, जरूरमंद लोगो को ब्लड उपलब्ध कराना, कोविड के समय धनबाद की बेटी अल्पना शर्मा का 10 लाख से ऊपर का इलाज ट्विटर अभियान चलाकर योगी सरकार से करवाना कार्य शामिल है।

# आदमखोर तेंदुआ का आतंक जारी, दहशत में हैं ग्रामीण

## तेंदुए ने हमला कर परमेश्वर को किया घायल, वन विभाग ने किया घटनास्थल का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** पलामू प्रमंडल में पिछले एक महीने से आदमखोर तेंदुआ का आतंक जारी है। रविवार को सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल पंचायत के डुबलगंज निवासी बासुदेव सिंह का पुत्र परमेश्वर सिंह 40 वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों की मदद से उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि परमेश्वर सिंह शनिवार को केचकी से मेला देखकर अपनी बेटी के घर घोरही गांव गया था। रविवार को सुबह उठकर अपने घर साइकिल से डुबलगंज आ रहा था। इसी बीच रास्ते में नहर पुल के समीप जीरो चैन नहर के समीप बारी तथा पोलपोल पंचायत सिमा पर तेंदुए ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार परमेश्वर सिंह तेंदुआ से करीब 20 मिनट तक लड़ाई लड़ा है। इस दौरान तेंदुआ ने उसके सिर पर हमला कर दिया जिसमें उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मेदिनीनगर वन प्रमंडल के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे और जख्मी परमेश्वर सिंह के इलाज के लिए तत्काल 25 हजार रुपये की मदद की। इसके बाद स्पष्ट होगा कि कौन से जानवर ने हमला किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग के लोगों के विरोध में जम कर नारेबाजी की और सुरक्षा का मांग किया।

स्पीड न्यूज

## तीसी की बेहतर खेती कर बनें आत्मनिर्भर

**गिद्धौर (चतरा)।** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के तहत लगाए गए तीसी के प्रभेद फसल पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रंजन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नई प्रभेद से किसानों को अच्छी उपज के साथ मुनाफा भी अच्छा होगा। महिला और पुरूष किसानों को खेती के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने फसल में कीट के प्रकोप को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर किशोरी दयाल मिश्रा, नागेश्वर ठाकुर, बद्री कुमार आदि किसान मौजूद थे।

## विस्थापित प्रभावित रैयतों की बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को बुकरू खेल मैदान में चंद्रगुप्त कोल परियोजना से जुड़े प्रभावित विस्थापित ग्रामीणों की एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता संतोष नायक एवं संचालन उमेश साहू ने किया बैठक बैठक में सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना खुलवाने के संबंध में विशेष विचार विमर्श किया गया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि कम्पनी द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली जमींन की सूचना रैयतों तक घर घर पहुंचाएं एवं उसकी भौतिक सत्यापन कराने सम्बंधित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।अंत मे यह निर्णय लिया गया कि कम्पनी द्वारा रैयतों की सभी मांगों को पूरा करने की लिखित आश्वासन के साथ रैयतों की बिना अनुमति लिए कोई कार्य नही कर सकती है।इस मौके पर मुकेश साव चंदन नायक जितेंद्र कुमार नायक सरोज कुमार नायक अजय कुमार गुप्ता सुनील कुमार गुप्ता विश्वनाथ नायक समेत दर्जनों रैयत मौजूद थें।

## धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल सह पिकनिक स्पॉट समिति का हुआ गठन

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग सराढु के मुख्य पथ समीप धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल सह पिकनिक स्पॉट समिति का गठन को लेकर धोरधोरवा खावा उर्फ ललकी चट्टान में ग्रामीणों की महबैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह व सन्चालन राजकिशोर वर्मा ने किया। बैठक में चतरा जिला के टंडवा प्रखण्ड अंतर्गत गाडीलौंग– सराढु के मुख्य पथ स्थित बहुत ही आकर्षक व अजूबा धोरधोरवा खावा को सुंदरीकरण एवं शैलानियों के लिए सुविधा लैस स्थल बनाने हेतु कमिटी का गठन किया गया।

## मकर संक्रांति सह समरसता कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** इंदुमति तिबदेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा के अंतर्गत संचालित संस्कार केंद्र में मकर संक्रांति सह समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कार केंद्र के बच्चों के बीच चूड़ा, दही, गुड, तिलकुट सहित शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। वहीं बच्चों को सामाजिक समरसता, एकता और सद्भावना का पाठ पढ़ाया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से सदर प्रखंड के मुतीर्याटोली, झुमड़ा, खांचाडाबर, आसानी खुर्द व सेवा बस्ती केंद्र छठ तालाब में चलाई गई। मौके पर प्राचार्य पवन कुमार दास, संस्कार केंद्र के प्रमुख रविन्द्र नारायण पाठक, सह प्रमुख अंजनी सिन्हा, विद्यालय के सुब्रतो आचार्य , संस्कार केंद्र की प्रभारी मालती देवी, कविता कुमारी, अनीश कुमार, सुनील पांडेय के अलावा सभी संस्कार केंद्र के 85 बच्चें उपस्थित थे।

## सोलर प्लेट मोटर पंप की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मूर्कमनाय स्थित कर्मा चौक के समीप बगीचा से 13 जनवरी की रात सोलर प्लेट मोटर पम्प की चोरी हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बिनोद विश्कर्मा पिता जिवलाल विश्कर्मा के बगीचा में कुसुम योजना के तहत जरेडा कंपनी के द्वारा दो एचपी का सोलर पंप 1 वर्ष पूर्व सिंचाई के लिए लगाया गया था। जिससे खेती का कार्य किया जा रहा था। जिसे 13 जनवरी की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। वहीं विनोद विश्वकर्मा ने मरकच्चो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सांसद आवास पर मकर सक्रांति के अवसर पर दही, चूड़ा, तिलकुट कार्यक्रम का भव्य आयोजन

### हजारों की संख्या में जुटे लोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी अपने आवास पर मकर सक्रांति के अवसर पर दही, चूड़ा, तिलकुट, खिचड़ी, सब्जी, पापड़ व चटनी का भव्य आयोजन किया। जिसमें कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के विधायक कार्यकर्ता हजारों की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता को मकर सक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति का पर्व सूर्य उत्तरायण होते हैं इसके बाद शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। भगवान भास्कर से विनती करती हूं आप लोग भी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करते रहें, इसकी कामना करती हूं। कार्यक्रम में जमुआ विधायक केदार हाजरा, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सिमरिया विधायक किशुन दास, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, कोडरमा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, रमेश सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, अशोक आर्या, अनुप जोशी, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता, शिवलाल सिंह, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, कान्ति देवी, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, आकाश वर्मा, पिन्टू भारती, विरेन्द्र मेहता, सुरेन्द्र मोदी, राजेश सिंह, नरेंद्र पाल, दिनेश सिंह, राजेश सिन्हा, विजय यादव, जयशंकर प्रसाद, द्वारिका राणा, शशि भूषण चौधरी, रामदेव मोदी, सुरेंद्र यादव, सूरज प्रताप मेहता, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, कामिनी देवी, पिन्की जैन, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. विकास चंद्रा, धनंजय यादव, राजेश सिंह, कबिता कुमारी, सबीता देवी, संजय शर्मा, दीनानाथ पांडे, पंकज दुबे, आत्मानंद पांडे, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक तिवारी, दिनेश तिवारी, प्रदीप केडिया, अविनाश सेठ, मुकेश भालोटिया, मनोज केडिया, प्रोफेसर बीएनपी वर्णवाल, नवीन चौधरी, देवेन्द्र कमार, राजु भैया, पंकज मोदी, कल्टु सरकार, सुमित चन्द्रवंशी, पप्पु पाण्डेय, गिरधारी सोमानी, गायत्री देवी, मुन्ना भदानी, संदीप हिसारिया, राजकुमार यादव, जगदीश सलुजा, धीरज जोशी, झानरंजन सिन्हा, अरबिन्द सिंह, विजय राम, जाहीद हुसैन, बिजय साव, बिरेन्द्र सिंह, बेदु साव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, सुधीर यादव, पियुष सहल, अजय झा, पंकज मोदी, ईश्वर मोदी, सूर्य देव मोदी, त्रिपुरारी सिंह, बालमुकुन्द सिंह, विकास कुमार, कैलाश यादव, मनोज चन्द्रवंशी, शंकर यादव, अमरेन्द्र पाण्डेय समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता दही चुड़ा का आनंद लिया।

## मकर संक्रांति का त्यौहार हमें सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरित करता है : शालिनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मकर सक्रांति को लेकर रविवार को ध्वजाधारी आश्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के सौजन्य से चूड़ा-दही तिलकूट कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों से लोगों को मकर सक्रांति की शुभकामना दी। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष ने दही चूड़ा तिलकुट का वितरण कर इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले भर से हजारों की संख्या में आए सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने चूड़ा-दही, सब्जी, तिलकुट को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। वहीं उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का त्यौहार हमें सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

**समारोह में कई लोग हुए शामिल :** कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी यादव, वरीय नेता साजिद हुसैन लल्लू, अरुण साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, वरीय नेता रवि मोदी, सुरेश यादव, बासदेव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, बीरेंद्र मोदी, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, पंजाबी समाज के पदधारी समेत विभिन्न तबके के हजारों हजार की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धर्मातरण के बड़े खेल का हुआ पर्दाफाश

### निजी मकान में सौ से अधिक की संख्या में प्रार्थना सभा में थे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** इन दिनों जिले में धर्मातरण का खेल जोरों पर है। अभी हाल ही में सतगावां के कोठियार में 25 परिवार के सौ से भी ज्यादा हिंदुओं के ईसाई धर्म अपनाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसको लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा एसपी कुमार गौरव को आवेदन देकर ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी, जो विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर मासूम हिंदुओ को अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन का कार्य करते हैं। इन सब के बीच हिन्दू जागरण के अधिकारियों को सूचना मिली कि तिलैया थाना क्षेत्र के रांची पटना रोड स्थित डॉ.इमाम क्लिनिक के पीछे एक निजी मकान में इसी प्रकार का खेल चल रहा है। जिसकी सूचना उनके द्वारा तिलैया पुलिस को दी गई। जिसके पश्चात तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति द्वारा सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व बच्चों के साथ प्रार्थना सभा करवाया जा रहा था। उक्त व्यक्ति से जब उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम प्रमोद राज केरल का रहने वाला बताया। उसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ यहां पिछले 3-4 वर्षों से रह रहा है। वह अपनी पत्नी वीना प्रमोद के साथ यहां ऐसे ही प्रार्थना सभाएं कर लोगों के गंभीर से गंभीर बीमारियों का ईलाज करता है। उसने यह भी बताया कि उसे ईशा मसीह ने साक्षात दर्शन देकर ऐसा वरदान दिया है, जिससे वह गंभीर से गंभीर बीमारियों का ईलाज कर सकता है। इधर जब उसे थाना लाया जाने लगा तो महिलाओं की झुंड ने पुलिस वाहन को ही घेर लिया। जिसके पश्चात उसे बड़ी मुश्किल से थाना लाया जा सका। उसके थाना पहुंचते ही महिलाओं के झुंड ने पूरे थाने का घेराव कर दिया और उसे रिहा करने की जिद्द करने लगे। जिसके पश्चात थाना प्रभारी द्वारा उसे पीआर बांड पर यह कहकर रिहा किया गया कि वह इस प्रकार के कार्य भविष्य में अब कभी बजी नहीं करेगा।

**स्थानीय लोगों की मदद से चल रहा यह खेल :** जब थाने में प्रमोद राज से पुलिस पूछताछ कर रही थी, इसी बीच कुछ लोग वहां आए और पुलिस कर्मियों से बहस करने लगे। जब उनसे उनके बारे में पूछा जाने लगा तो उन्होंने बताया कि वे स्थानीय लोग ही हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सतनाम बापू की 75वीं पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के जोगियारा के बाबा कुटी आश्रम में मकर संक्रांति के दिन रविवार को सतनाम बापू की 75 पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी भी बाबा की समाधि पर माथा टेका और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की।

श्री तिवारी ने कहा कि हम सबों को भी बाबा सतनाम बापू की आदर्शों को आत्मसात करनी चाहिए। उन्होंने बाबा कुटी के सौंदर्यीकरण कराने की दिशा में पहल करने की बात कही।बाबा कुटी आश्रम की ओर से महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी खीर हलवा का वितरण आगंतुक श्रद्धालु भक्तों के बीच किया गया। इस इस बाबा कुटी आश्रम में 10000 से भी अधिक संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सतनाम बापू की पुण्यतिथि के अवसर पर यहां भक्ति संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य रुप से स्थानीय उभरता हुआ कलाकार सियाराम पासवान के सुमधुर स्वर गीतों पर लोग थिरकते हुए भक्ति के सागर में डूबते हुए देखे गए। इस आश्रम में मुख्य रूप से, कन्हाचट्टी के मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह विश्व हिंदू परिषद के सतीश गुप्ता जिला परिषद भाग-1 के प्रतिनिधि संतोष राणा ऋषि कुमार विवेक कुमार राहुल कुमार रवि बजरंगी तथा विनोद कुमार के अतिरिक्त कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए थे। आश्रम की ओर से महा प्रसाद के रूप में खिचड़ी और खीर हलवा का वितरण आगंतुक श्रद्धालुओं के बीच किया गया इस बार बाबा कुटी आश्रम में 10,000 से अधिक संख्या में आए श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया।

आश्रम के आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह उपाध्यक्ष उदय सिंह, अच्छयबट सिंह, सत्यनारायण सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, राजू यादव, सुनील कुमार यादव, विमल सिंह, आशीष भारती (मुखिया) बसंत पासवान, समाजसेवी, लोक गीत गायक कलाकार सियाराम पासवान, एवं जोगियारा के ग्रामीणों की रही।

## घटना के पांचवें दिन भी नहीं निकाला जा सका शव

### खदान से पानी निकालने की कवायद शुरू करने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** पत्थर खदान हादसे को लेकर मृतक की पत्नी पिंकी देवी ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर शव को ढूंढने के लिए उच्च स्तरीय टीम की मांग की है। साथ ही खदान के पानी को निकालने को लेकर भी गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि हमारे बच्चे के ऊपर से पिता का साया उठ गया है, यदि जल्द ही कुछ निर्णय नहीं लिया गया तो हम सब सपरिवार महेशपुर चौक पर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। बताते चलें कि बीते बुधवार को डोमचांच काली मंडा श्मशान घाट के समीप बंद पड़े पत्थर खदान में डूबने से कालीमंडा नीचे टोला निवासी 35 वर्षीय रविंद्र कुमार मेहता पिता बाबूलाल मेहता की मौत हो गई थी, जिसे लेकर लगातार चौथे दिन भी एनडीआरएफ की टीम खदान में शव को ढूंढने के प्रयास में लगी हुई है, मगर अभी तक शव को ढूंढा नहीं जा सका है। एनडीआरएफ के टीम का कहना है कि खदान में मिट्टी भराई का काम पूर्व से चल रहा है, जिसके कारण आशंका जताई जा रही है कि शव मिट्टी में कहीं दब गया है, जिसके कारण हमें खोजने में परेशानी हो रही है।

## पुलिस को बड़ी सफलता, तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** पुलिस ने शनिवार को नक्सली पोस्टर चिपकाते प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एक व्यक्ति को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से टी०एस०पी०सी० का पोस्टर व लैपटॉप बरामद किया गया है। एसपी राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि झारखण्ड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया है। इसी सकल्प को धरातल पर उतारने के लिए महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड रांची के निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इस दिशा में पुलिस को नक्सली संगठनों के विरूद्ध निरंतर सफलताएँ भी मिल रही है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के विरूद्ध चतरा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गश्ती एवं छापामारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 जनवरी को सिमरिया थाना क्षेत्र में छापामारी की कार्रवाई के दौरान एका व्यक्ति को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टी०एस०पी०सी० का पोस्टर चिपकाते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसके पास से पोस्टर, मोबाईल एवं बाईक बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में इसके द्वारा अपने सहयोगियों का नाम बताया गया तथा चतरा जिला के टण्डवा, सिमरिया एवं हजारीबाग जिला के करेडारी थाना क्षेत्र के कोल व्यवसायियों, ठेकेदारो से लेवी वसूलने, अपना वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य से पोस्टरबाजी तथा विभिन्न मोबाइल न० से संपर्क स्थापित कर लेवी की मांग किये जाने की बात स्वीकार किया गया। इसके निशानदेही पर टीम के अन्य सदस्यों एवं पोस्टर छापने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के हरदा निवासी शिव शंकर भारती, सिमरिया थाना क्षेत्र के देल्हो निवासी संतोष राम, नन्दलाल भारती और राजपुर थाना क्षेत्र के जमरी निवासी मोहम्मद नोमान बदर के रूप में हुई है।

चतरा पुलिस का जिलावासियों से अपील : चतरा पुलिस लगातार जिलावासियों से अपील एवं अनुरोध करती है कि आप किसी भी अवैध या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल न हो अन्यथा आपके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

एक नजर में

## गढ़वा के खिलाड़ी किसी भी खिलाड़ी से टक्कर लेने को तैयार : डीडीसी



चैंपियन ट्रॉफी प्रदान करते डीडीसी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में लगातार तीन बार के विजेता शांति निवास हाई स्कूल को आठ रनों से हराकर पहली बार बालिका वर्ग का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता-उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को डीडीसी राजेश कुमार राय, समाजसेवी राकेश कुमार पाल और प्रतियोगिता के सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने ट्रॉफी प्रदान किया।

## लाभुकों ने तीन महीने का बकाया राशन दिलाने की लगायी गुहार



जानकारी देते लाभुक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के मंडरा गांव के सैकड़ो कार्डधारी लाभुकों ने तीन महीने का बकाया राशन दिलाने की गुहार पदाधिकारियों से लगाई है। सभी राशन कार्डधारी लाभुक दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकान के दुकानदार अनिता पांडेय के पास राशन लेने की बात कही। इस संबंध में रविवार को उक्त गांव स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में एकत्रित होकर तीन दर्जन से अधिक लाभुकों ने जानकारी दी। सभी ने कहा कि दो डीलरों के चक्कर मे पिछले तीन महीने से हम सभी गरीब लाभुकों को राशन नहीं मिल रहा है।

दुर्गा स्वयं सहायता समूह दुकान निरस्त होने के बाद मंडरा गांव के लाभुकों को शिवपुर गांव के दुकानदार बुद्धिनारायन पांडेय की दुकान से टैग कर दिया गया। कुछ दिन बाद उक्त डीलर की अकस्मात मौत हो गई।

## बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले को फूल माला पहना कर दी गयी हिदायत



माला पहनाती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मेराल पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा थाना गेट के सामने एनएच 75 पर लगातार दूसरा दिन जांच सह जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोड बाइक चालक को थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा गांधीगिरी दिखाते हुए फूल माला पहनाकर भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही चेतावनी भी दी गई।

## चला वाहन चेकिंग अभियान



माला पहनाकर जागरूक करते थाना प्रभारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** रविवार को केतार कर्पूरी गेट चौक पर केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट नहीं पहनने पर माला पहनाकर एवं गुलाब फूल देकर उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने को आग्रह किया।

## वाहन जांच सह जागरूकता अभियान चला



फूल देते थाना प्रभारी।

**भवनाथपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत भवनाथपुर पुलिस ने थाना गेट एवं खरौंधी मोड़ के सामने लगातार दूसरे दिन जांच सह जागरूकता अभियान चलाया, वहीं अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार रमना थाना से गुजरी एनएच 75 सड़क पर एसआई सोमाय सोरेन ने क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

## स्पीड न्यूज

### सरिया चोरी कर ले जा रहे चार चोर ट्रैक्टर सहित चढ़े पुलिस के हत्थे

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंनजी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अभियान पर निकली लातेहार पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेमू स्टेशन के समीप दो मुहानी के पास ट्रैक्टर सहित चार चोरो को सरिया चोरी करने का प्रयास करते पकड़ लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुऐ इंस्पेक्टर चंद्र शेखर सिंह ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी डेमू स्थित रेलवे के निर्माणधीन भवन के पास से सरिया की चोरी हो रही है। इसी आलोक में कार्रवाई की गयी जिसमें सरिया चोरी करते चार चोर शिव कुमार उरांव, सुशील उरांव, विनोद उरांव, दिलीप कुमार को पकड़ लिया गया। इन सभी के द्वारा ट्रैक्टर में लोड़ कर सरिया को चोरी कर ले जाया रहा था। बरामद ट्रैक्टर से लगभग पांच सौ किलो सरिया बरामद किया गया है। अभियान में देवानंद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार महतो, मो. शाहरूख, रोहित कुमार महतो समेत दलबल के जवान शामिल थे।

### थाना प्रभारी ने की बैठक

**छिपादोहर।** छिपादोहर थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने थाना छेत्र के सभी व्यवसायियो के साथ एक बैठक की। जिसमे सभी दुकानदारों को अपने घर और दुकान के बाहर लाइट और सक्षम लोगों से सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। सभी व्यवसायियो ने थाना प्रभारी के निर्देश पर अमल करने की बात कही। थाना प्रभारी ने सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए अपील किया कि घर और दुकान में लाइट और सीसीटीवी लगाने से क्षेत्र में हो रही किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है, और सभी लोगों से अपील किया कि लोग शराब का सेवन नही करें, शराब से ही अपराध जैसी घटनाएं ओर दुर्घटनाएं होती है। मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक शशि सिंह, दुर्गा अग्रवाल,अशोक कुमार, शुशील कुमार, सुनील गुप्ता, संतोष कुमार सहित सैकड़ों की संख्या दुकानदार लोग मौजूद थे।

### संघ ने तिलकुट, गुड़ खाकर मनाया मकर संक्रांति पर्व

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित मकर संक्रांति उत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। स्वंय सेवको ने मकर संक्रांति के अवसर पर एक दूसरे को बधाई दी और श्री राम जानकी मंदिर मे चुड़ा, तिलकूट, गुड़ का भोग पुजारी भरत पाण्डेय द्वारा लगाए जाने के बाद सभी ने मकर संक्राती का त्योहार चुड़ा, तिलकूट, गुड़ खाकर मनाया। साथ ही आगामी 29 जनवरी को हेरहंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित हिन्दु धार्मिक मंडल सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने की चर्चा की गई। मौके पर सह खंड कार्यवाह रूपेंद्र जायसवाल, विश्व हिन्दु परिषद संयोजक अरबिंद यादव, पालक विकास जायसवाल, स्वयं सेवक कैलाश कुमार ठाकुर बीरेंद्र दुबे, पिकु गुप्ता, अरबिंद यादव, जितेन्द्र यादव, बलजीत भोगता, मनोज यादव, मनीष प्रसाद, अक्षय कुमार, हनेश कुमार, रंजन यादव समेत दर्जनों स्वयं सेवक शामिल हुए।


### भाजपा मंडल कार्यालय में तीन दिवसीय खेल को लेकर बैठक



बैठक करते लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में रविवार को तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर भाजपा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में लातेहार जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटु राजा, महुआडांड मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद,सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, आईटी सेल प्रभारी प्रशांत सिंह आदि मौजूद थे। प्रेस कांफ्रेंस कर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा लातेहार के नेतरहाट में 18,19 व 20 जनवरी को तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के 337 पंचायतों के वर्ग 9 से वर्ग 12 तक के युवक एवं युवतीयां भाग ले पाएंगे। इस सांसद खेल स्पर्धा में 100,200,400 व 800 मिटर का दौड़, उंची कुद, लंबी कुद, गोला व भाला फेंक सहित अन्य खेल का प्रतियोगिता किया जाएगा।

### विश्व हिंदू परिषद ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटवाग के सेवा बस्ती तुलबुल में विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। इस दौरान हिंदू समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक नितीश यादव ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने सनातन धर्म एवं संस्कृति को भूलते जा रहे है। समाज में हम छुआ छूत, जाति प्रथा, भेद भाव जैसे कुप्रथा को मान रहे हैं, जिसके कारण हमारा सनातन संस्कृति का पतन हो रहा है। इस कार्यक्रम का मूल्य उद्देश्य सेवा बस्ती में जाकर हम उन लोगों के साथ छुआ छूत, जाति प्रथा को भूल कर एक साथ सभी लोग मकर सक्रांति मनाए। मौके पर राजधानी यादव, राजीव रंजन, बंशी यादव, धूप पांडे, बिनोद यादव धीरेंद्र शुक्ला, प्रभु सिंह, विनोद यादव, अवधेश चंद्रवंशी, नेपाल यादव, गौरव महलका, राजीव रंजन, राज सोनी, राहुल गुप्ता, विष्णु सोनी, शशांक सोनी, हैप्पी गुप्ता, रौशन वर्मा, नवनीत ठाकुर, राम दयाल उरांव, लखन सिंह, राकेश सिंह, निर्मल यादव, जोगन यादव समेत सैकड़ो हिन्दुओं ने एक साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया।

---

### प्रतिभा मोहताज नहीं होती, गांव के ही सरकारी स्कूल से पढ़कर जज बने थे एलपीएन शाहदेव : प्रतुल शाहदेव

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव मेमो. क्रिकेट का शुभारंभ



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथिगण।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते अमित गुप्ता।



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा स्थित खेल स्टेडियम में युवा भारत चंदवा के तत्वावधान में आयोजित जस्टिस एलपीएन शाहदेव शाहदेव स्मृति टी-10 कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रतुल शाहदेव, डॉ. विद्या शाहदेव, पड़हा राजा धनेश्वर उरांव, अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, हाजी फिरोज अहमद व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गांव हो या शहर प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नही होती है। जस्टिस एलपीएन शाहदेव भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंदवा के रोल गांव स्थित सरकारी स्कूल से की थी, लेकिन आगे चलकर वे हाई कोर्ट के जस्टिस बनने वाले पहले झारखंडी थे। युवा भारत के द्वारा चंदवा जैसे कस्बे इस प्रकार का भव्य आयोजन किया जाना काफी सराहनीय हैं। खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने का एक अच्छा प्लेटफार्म दिया है। इससे पूर्व अतिथियों को शॉल और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। झारखंडी रिवाज में मांदर की थाप पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। इस टूनामेंट के प्रायोजक जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन और सह प्रायोजक रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट है। उद्घाटन के मौके पर प्रमोद साहू, लाल उदित नाथ शाहदेव, प्रशांत शाहदेव, देवमोहन सिंह, संजीव आजाद, प्रभाकर मिश्र, मनोज पाठक, अजय साहू, आशिष सिंह, कुलामन साहू, लाल आशिष नाथ शाहदेव, सतीश प्रसाद, दीपक निषाद, रोहित शाहदेव, राजेश साहू समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

### पहले मैच में जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय की हुई जीत

पहला मुकाबला जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल बनाम ग्रीन फील्ड एकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोल की टीम ने 75 रनों के स्कोर खड़ा किया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन फील्ड की टीम 48 रनों पर ढेर हो गयी। दूसरा मुकाबला चंदवा फाइटर व राय के बीच खेला गया जिसमें राय की टीम ने 56 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंदवा फाइटर की तीन महज 3 ओवर 4 गेंद में ही एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। चंदवा फाइटर के राजा ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों पर 38 रनों की पारी खेली। तीसरा मुकाबला जूनियर ब्लास्टर चंदवा बनाम ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही के बीच खेला गया जिसमें पिपराही की टीम 46 रनों के बड़े अंतर से मैच को जीतने में सफल रही। मौके पर सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

---

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे राज्य के कई प्रसिद्ध चिकित्सक



संबोधित करते डॉ. अभिषेक ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** आरोग्य भारती स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान रांची के डॉ. अभिषेक कुमार के नेतृत्व में रविवार को बालूमाथ के शेरेगड़ा रोड स्थित बेसिक स्कूल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सुरेश राम, संतोष कंट्रकशन संचालक संतोष सिंह, मुखिया नरेश लोहरा, डॉ. अभिषेक कुमार ने किया। मौके पर बोलते हए डॉक्टर अभिषेक कुमार ने कहा अगर आपका आहार अच्छा है तो दवा की जरूरत नहीं है। लेकिन आहार अच्छा नही है तो दवा भी किसी काम का नही है। झारखंड से बाहर आपकी पहचान झारखंडी के रूप में है न कि जाति के रूप में, स्वस्थ्य रहने के लिए व्यवस्थित समाज की जरूरत है। वहीं डॉ. विकास कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. अभिषेक की सोच से प्रभावित होकर हम सभी लोग आज निःशुल्क जांच शिविर में पहुंचे है। जांच शिविर में डॉ आशुतोष सिंह मधुमेह और थायराइड स्पेशलिस्ट, अनुपम कुमार सिंह कार्डियोलॉजिस्ट विभाग, चंदन सिंह दंत रोग चिकित्सक मौजूद रहें। जहां सैकड़ो ग्रामीणों का जांच के बाद मुफ्त दवा का वितरण किया गया। मौके पर मो. साजिद, गुलाम कुरैशी, संजय यादव, मो. मजहर, मितलेश कुमार, अनिल कुमार, प्रेम गुप्ता, मो. शमीम, सुरेंद्र गुप्ता, अमन सिन्हा, पंकज सिन्हा, शकील जैदी सहित कई लोग मौजूद थे।

### महुआडांड़ में शुरू हुआ प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान लोगों को सस्ते दर पर मिलेगी ईंट

➲ एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर एवं जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन



नारियल फोड़ते गण्यमान्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड के ग्राम चटकपुर स्थित महुराम झण्डा मिलन स्थल के समीप प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, एसडीपीओ राजेश कुजूर एवं जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया के द्वारा सामूहिक रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव, चटकपुर पंचायत की मुखिया रेखा नगेसिया, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहु, उपमुखिया सतीश कुमार, जामा मस्जिद के सदर मो. फहीम खान, चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, चन्द्रशेखर प्रसाद, बद्री प्रसाद, सरना समिति के अनुमंडल अध्यक्ष अजय उरांव, संतोष सिंह, शहंशाह खान, मोहम्मद रुस्तम, वसीम अख्तर, आजाद अहमद, राशिल खान आदि समेत काफी संख्या में गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद थे। प्लेक्स ब्रिक्स प्रतिष्ठान के प्रो. देवानंद प्रसाद एवं सहजाद आलम ने बताया कि बफर जोन क्षेत्र घोषित होने के कारण इस क्षेत्र में ईंट निर्माण का कार्य पूर्णतः बंद था। लोगों को ईंट बाहर से मंगानी पड़ती थी। अब महुआडांड में प्लेक्स ब्रिक्स का निर्माण होने से लोगों को गुणवता पूर्ण एवं सस्ते दर पर ईंट मिलने लगेगी।

### महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



यज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक करते धर्मप्रेमी।

**चंदवा।** स्थानीय हाईवे हिल होटल परिसर में रविवार को महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवतीया बाबा ने किया। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में पूरी मठ के शंकराचार्य महामंडलेश्वर निश्चलानंद सरस्वती जी के आगमन की स्वीकृति मिल चुकी है। कार्यक्रम संभवतः मई अथवा जून में होना निश्चित है। कार्यक्रम की तिथि महामंडलेश्वर शंकराचार्य जी के द्वारा तय की जाएगी। यज्ञ के निमित्त बैठक में पहुँचे तमाम सनातन धर्मावलंबियों ने उनके कार्यक्रम को लेकर अपनी अपनी बातें रखी। बैठक में तय किया गया कि अगली बैठक में यज्ञ कमिटी का गठन कर लिया जाएगा। मौके पर पूर्व पार्षद प्रवीण सिंह, उपप्रमुख आश्विनी मिश्रा, रामयश पाठक, सुरेंद्र बैध, प्रेमशंकर भगत, सत्यवान सिंह, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, अशोक सिंह जडेजा, राजू सिंह, महेंद्र साहू, राजकुमार पाठक, अजय बैध, शंभू गुप्ता, अमित गुप्ता, संजीव आजाद, उमेश यादव, शिवकेश्वर यादव, प्रमोद गिरी समेत कई धर्म प्रेमी मौजूद थे।

### वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के बजाज शोरूम के समीप दिन शनिवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे एक बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई। जिसके तुरंत बाद मनिका थाना से एएसआई इंद्रजीत पासवान समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बाइक सवार को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाला गया कलश यात्रा



कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा रविवार को निकाली गई। कलश यात्रा श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ स्थल से लेकर गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए स्थानीय देवी मंडप, श्री शिव मंदिर, हनुमान मंदिर गोखलाबागी मोड़ नवाटोला होते हुए धुरधुरिया नदी पहुंची। जंहा भागवत भास्कर श्री श्री 1008 श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज (बराह बिक्रम) पटना अपने सहयोगियों आचार्य उपेंद्र कृष्ण पराशर जी महाराज, सुकेश जी, बिनोद पांडेय, गुड्डू, चक्रपाणि, रामायणी बाबा, पंडित सुदर्शन शास्त्र के साथ बैदिक मंत्रोचार के साथ नदी का पवित्र जल कलश में भरवाया। कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंच कलश स्थापित करवाया गया। कलश यात्रा में शामिल मुख्य यजमान के रूप में सपत्नीक शालिग्राम सिंह पार्वती देवी देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने श्री मन नारायण नारायण के उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सम्बंध में भागवत भास्कर श्रीश्री 1008 श्री पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने बताया कि भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रसन्नता व जग कल्याण के लिए किया जाता है। यज्ञ में प्रतिदिन पूर्वाह्न 06 बजे से ग्यारह बजे तक गया धाम के महंत विद्वान कृष्ण मुरारी जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत पाठ परायण का पाठ किया जाएगा। संध्या 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक राघवेन्द्र जी महाराज द्वारा संगीतमय प्रवचन तथा रंजन व रंजीत कीर्तन मंडली के द्वारा आरती भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक सिंह, पंकज सिंह, सुनील सिंह, आनंद राज, संजीव सिंह, अरविंद सिंह, मनोज सिंह, रितेश, प्रीतम सहित अन्य धर्मावलंबियो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

### चर्च पर हो रहे हमले के विरोध मार्च में हुए शामिल



विरोध जताते मसीही समुदाय के लोग।

**चंदवा।** झारखंड और छत्तीसगढ़ में एक समुदाय विशेष के धार्मिक स्थलों और लोगों पर हो रहे हमले के विरोध में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन बैनर तले रांची स्थित जीइएल चर्च कंपाउंड से मोराबादी मैदान तक आहूत विरोध मार्च में चंदवा से दर्जनों की संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए। विरोध मार्च में शामिल हुए लोगों ने कहा कि इस प्रकार धार्मिक स्थल को निशाना बनाना सही नहीं है। हम सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। ताकि ऐसे हमलों पर विराम लग सके। विरोध मार्च में शामिल होने वाले में चंदवा पल्ली अंतर्गत विभिन्न गांव के दर्जनों लोग शामिल थे।

### सांसद खेल प्रतियोगिता को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

**ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को पंख देने का कार्य कर रही केंद्र सरकार : आशुतोष सिंह चेरो**



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पर्यटन नगरी नेतरहाट में 18 जनवरी से तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन पूरी भव्यता के साथ होने जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए रविवार को बरवाडीह भाजपा कार्यालय में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो, भाजयुमों जिला अध्यक्ष छोटू राजा, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और भाजपा जिला मंत्री अजय प्रसाद सहित बरवाडीह मंडल के कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आशुतोष सिंह चेरो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रकृति की हसीन वादियों से सुसज्जित राज्य के प्रमुख पर्यटन नगरी नेतरहाट में सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को विकसित करना और लोकसभा क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच एक नई जागृति पैदा होगी और उन्हें प्रदेश और देश के लिए खेल जगत में नाम रौशन करने का अवसर प्राप्त होगा।

**प्रतिभाएं आगे देश के लिए करेगी प्रदर्शन : कन्हाई**

कन्हाई प्रसाद ने कहा कि इस स्पर्धा में खिलाड़ियों को निखारने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सोच नया रंग लाएगी और कई प्रतिभाएं आगे बढ़कर देश के लिए अपना प्रदर्शन करेंगी। वहीं जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक तंगी के कारण दम तोड़ती खेल प्रतिभाओं को अब सांसद खेल स्पर्धा योजना का बड़ा सहारा मिलेगा। बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक होगा। मौके पर भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री प्रदीप सिंह, भाजयुमो मंडल महामंत्री हेमंत कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, मनोज यादव, सतीश यादव और बर्जेश सिंह सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

---

## एक नजर में

### पिकअप पलटा, तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी सिबला मार्ग के पुरनासिबला मे बिते रात टमाटर लदे पिकअप वैन पलट गई। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बिते रात पिपिराडीह से टमाटर लेकर जा रही पिकअप वैन जेएच 01 ईभी 2605 पुरना सिबला मे अनियंत्रित होकर पलट गईं। जिससे चालक जितेंद्र कुमार पिता राम जतन साव भूरकुंडा (धुंधवा) निवासी की बाएँ हाथ काटकर अलग हो गया। वहीं वाहन मे लोड टमाटर सड़क मे क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन मे तीन मजदूर थे जिसमे एक मजदूर की आंशिक चोट लगी है। उक्त घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक नारायण सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपने सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घायल चालक को मानवता का परिचय देते हुए अपने पुलिस वाहन से इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### गरीबों के बीच कंबल का वितरण



लोगों के बीच कंबल व खाद्य सामग्री का वितरण करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पशुपालन विभाग के सामने नारायण मेडिको दुकान पर दिन रविवार को पूर्व वीएलडब्ल्यू व मेडिको संचालक नारायण प्रसाद के द्वारा अपने निजी खर्च से लगभग 50 से अधिक वृद्ध महिला, पुरुष, दिव्यांग, विधवा समेत अन्य लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं दुकान संचालक ने मकर सक्रांति पर्व की लोगों को शुभकामनाएं देते हुए गरीबों को तिलकुट,चूड़ा,गुड़ इत्यादि खाद्य सामग्री भी मुहैया करवाया। नारायण मेडिको संचालक नारायण प्रसाद हमेशा ही गरीबों की मदद करने का प्रयास करते हैं। मौके पर अनिल प्रसाद, गोपाल प्रसाद, निक्की कुमार, अमित कुमार, उमेश प्रसाद, उमा प्रसाद गुप्ता, कन्हाई प्रसाद, विनय मंदिलवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर दो घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के शिबला ग्राम के पास रविवार को बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों में जितेंद्र कुमार साव 34 वर्ष पिता रामजतन साव और कृष्णा यादव 55 वर्ष पिता सुकून यादव भुरकुंडा जिला रामगढ़ निवासी शामिल है। घटना के बाद दोनो घायलों को ग्रामीणों के मदद से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में दोनों घायलों का प्राथमिक ईलाज किया गया। वहीं स्तिथि को गंभीर देखते हुए दोनो घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया। दोनों युवक शिबला ग्राम से टमाटर लोड कर वापस बाइक से बालूमाथ की ओर आ रहे थे। ठोकर में बाइक अनियंत्रित हो गई और गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

### गरीबों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण



कंबल वितरण करते समाजसेवी।

**लातेहार।** मकर सक्रांति का शुभ अवसर पर रविवार को समाजसेवी मुरारी प्रसाद ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच सैकड़ो कंबल का वितरण किया। वहीं कंबल मिलने से लोगों में खुशी देखी गई और इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। वहीं समाजसेवी श्री प्रसाद ने कहा कि कि ठंड के मौसम में लोग कंबल का उपयोग करें, ताकि इस ठंड में बचा जा सके। वहीं नगर पंचायत अंतर्गत चन्दनडीह, धर्मपुर, बहेराटांड़, चाणक्य नगरी स्थित औरंगा नदि तट पर लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं कुछ गरीबों ने बताया कि इस बार समय पर कंबल मिला है। इसका उपयोग भविष्य में आने वाले ठंड में करेंगे और हमें ठंड से बचने में राहत मिल सकेगी। मौके पर जनार्दन प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, सीताराम पांडे, आशीष कुमार, रामप्यारे प्रसाद, अनिल सिंह, आनंद कुमार, अक्षय वट समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



योग का प्रशिक्षण लेते शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं जनप्रतिनिधि।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित बीआरसी कार्यालय के समीप बालक मध्य विद्यालय के परिसर में, दिन रविवार को डॉ उमेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, जिप सदस्य बलवंत सिंह, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, समेत सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने योग प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। वहीं शिविर से संबंधित जानकारी देते हुए डॉ उमेश कुमार ने बताया कि योगा का प्रशिक्षण 5 दिनों तक सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को दिया जाएगा। मौके पर योग का प्रशिक्षण लेने के लिए शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### शराब का बकाया मांगने पर दो पक्षों में मारपीट

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मनसिंघा ग्राम में शनिवार की रात्रि शराब का बकाया पैसा मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद विजय यादव 55 वर्ष पिता बढ़न यादव ग्राम मनसिंघा ने लोहे का सब्बल से निर्मल यादव 45 वर्ष पिताजयनंदन यादव ग्राम मनसिंघा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों के सहयोग से निर्मल यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। निर्मल यादव की पत्नी ने बताया कि विजय यादव शराब बेचता है तथा मेरे पति का कुछ पैसा बकाया रह गया था शनिवार को मेरे पति बाजार से सब्जी लेकर आ रहा था इसी बीच विजय यादव की पत्नी ने पैसे की मांग की। बाद में देने की बात कहने पर झोला लूट कर रख लिया। जब मेरे पति द्वारा झोला मांगे जाने लगा तो इससे आग बबूला होकर विजय यादव ने निर्मल यादव को लोहे के सबल से हमला कर दिया। जिससे निर्मल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद निर्मल यादव के परिजन विजय यादव के घर पहुंच कर उसकी पत्नी सविता देवी 60 वर्ष को पिटाई कर दिया। जिससे वह भी घायल हो गई। सविता देवी का ईलाज बालूमाथ अस्पताल में किया गया। वहीं मामले पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया।

